Ahmedabad University

School of Arts and Sciences

LIT220:Premchand and the making of Hindi Imagination

End Term Examination 2024 - Winter

Total Marks = 35 **Time – 3 hour**

Enrolment Number:.....
Date: 25.04.2024
No. of printed pages: 02

कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी में लिखिए। प्रश्न संख्या एक अनिवार्य है।
हर खण्ड से एक प्रश्न चुनना अनिवार्य है।

1. कल्पना कीजिए कि आप 'गोदान' उपन्यास के एक पात्र (प्रोफेसर मेहता /डॉक्टर मालती/ होरी / धनिया या कोई अन्य) हैं। ऐसी स्थिति में आप गोदान उपन्यास में क्या बदलाव देखना चाहेंगे और क्यों?

(700 शब्द x 15 अंक)

खण्ड - क

1 (i) प्रेमचन्द की कहानी 'कफ़न' में घीसू और माधव के कृत्यों का तर्कपूर्ण बचाव कीजिए।
(200 शब्द x 5 अंक)

(ii) 'पंच परमेश्वर' की ख़ाला को वास्तविक जीवन में न्याय मिलना क्यों कठिन हो सकता है?
(200 शब्द x 5 अंक)

'या

2 (i) 'बड़े घर की बेटी' कहानी का विश्लेषण आनन्दी की नज़र से कीजिए। **(200 शब्द x 5 अंक)**

(ii) 'पूस की रात' कहानी में किसान के लिए खेती एक घाटे का व्यवसाय दिखलाते हुए, मज़दूरी को एक आशा की किरण के रूप में दिखलाया गया है। 'गोदान' में खेती छोड़ कर मज़दूरी करने गया गोबर इस सपने के टूटने की कहानी को दर्शाता है" तर्क सहित विश्लेषण कीजिए। **(200 शब्द x 5 अंक)**

खण्ड - ख

1 (i) नवाब वाजिद अली शाह के व्यक्तित्व को लेकर 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी और सत्यजीत रे की फ़िल्म में दो अलग नज़रिए अपनाए गए हैं। इसकी वजह क्या है? **(200 शब्द x 5 अंक)**

(ii) अगर एक स्त्री का 'कौमार्य'(virginity) ही उसकी सबसे ज़रूरी पहचान न समझी जाती तो क्या 'सेवासदन' की सुमन का अन्त वही होता जो उपन्यास में दिखलाया गया है? **200 शब्द x 5 अंक)**

या

2 (i) 'नमक का दारोगा' कहानी किस तरह अपने समय की सीमा को लाँघती हुई आज भी यथार्थ को छूती है? **(200 शब्द x 5 अंक)**

(ii) 'गोदान' उपन्यास के अंत में मालती प्रोफ़ेसर मेहता से विवाह करने से इनकार कर देती है और बिना किसी बंधन में बँधे हुए साथ रहना प्रस्तावित करती है। आप इसकी व्याख्या किस तरह करेंगे?
(200 शब्द x 5 अंक)